डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | म मार्गशीर्ष पक्ष,02- 2082 | सीहोर, दिन शनिवार,दिनांक 22 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

सुसाइड नोट के आधार पर 15 महीने बाद एफआईआर

भोपाल। सुसाइड नोट के आधार पर 15 महीने बाद एफआईआर भोपाल कोहेफिजा थाना पुलिस ने 15 महीने पहले बड़े तालाब में मिले तेल व्यवसायी शंकर गिलानी के शव के मामले में सुसाइड नोट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पत्नी भूरती को आरोपी बनाया है पुलिस को मौके से सुसाइड नोट में मृतक शंकर ने लिखा था कि आरोपी फेजल उन्हें 25 लाख रुपए देने के लिए दबाव बनाता है। धमकियां देता है। मेरी मौत का जिम्मेदार फेजल ही है। 15 महीने जांच चलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

आरक्षण पर आज अजाक्स की चर्चा

भोपाल। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) की सभा रविवार सुबह 11 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मैदान, तुलसी नगर में होगी। सभा में प्रदेश अध्यक्ष जेएन कंसोटिया वरिष्ठ आईएएस एवं पूर्व अपर मुख्य सचिव गृह, तथा संतोष वर्मा, सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। सभा में वरिष्ठता आधारित पद प्रमोशन में मिलने पर न्यायालयीन कदम समेत कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

श्रम संहिताओं पर ट्रेड यूनियन नाराज

भोपाल। केंद्र सरकार द्वारा नई श्रम संहिताओं का नोटिफिकेशन जारी किए जाने पर देशभर की ट्रेड यूनियनों ने तीखा रोष जताया है। यूनियनों ने इसे मेहनतकशों के साथ धोखा और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला करार दिया। मोर्चा ने कहा कि बढ़ती यह कैसाला गजदूरों की आजीविका पर सीधा प्रहार है। विरोध में आज से हम काले बिल्ले पहनेंगे।

आईपीएस के 5 पदों में से 4 पर नाम तय

भोपाल। गृह विभाग द्वारा करीब ढाई महीने पहले विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक की गई थी। इसमें राज्य पुलिस सेवा के 15 अफसरों के नाम आईपीएस के लिए भेजे गए थे। इनमें से 5 पदों के लिए नामों पर चर्चा की गई थी। इनमें सीताराम समलया को एक पुरानी विभागीय जांच में मेजर पनीशमेंट मिला था। उनका सूची से बाहर हो गया है। वहीं अमृत मीणा की जाति मामले में शिकायत को लेकर विभागीय बंद कर दिए गया है।

नर्स से जूनियर डॉक्टर ने किया 10 माह तक दुष्कर्म

भोपाल। थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर 10 महीनों तक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता युवती शाहजहांनाबाद के ही एक नर्सिंग होम में नर्स का काम करती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके जूनियर डॉक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय युवती नर्सिंग होम में काम करती है।

भोपाल का छात्र कोटा में 9वीं मंजिल से गिरा, मौत

भोपाल। वे 19 वर्षीय छात्र ईशान शालीवाल की कोटा (राजस्थान) में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह दो साल से मां के साथ किराए के फ्लैट में रहकर Joint Entrance की तैयारी कर रहा था। घटना शुक्रवार दोपहर वर्षीय 3.3 0 बजे रॉयल इंफिनिटी मल्टीस्टोरी

शुभारंभ | मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राजधानी के गोविंदपुरा में किया तीन दिवसीय फेड एक्सपो-2025 का शुभारंभ

प्रदेश में 1000 इन्क्यूबेशन सेंटर बनेंगे इपिक प्रोजेक्ट में , 10 लाख नौकरियां

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदर्शनी के विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करते हुए

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र उद्योगों के लिए तेजी से उभरता हुआ पसंदीदा राज्य बन रहा है। फेड एक्सपो जैसे आयोजन स्थानीय उद्योगों और स्टार्ट-अप पोड़ने में बड़ी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे एक्सपो उद्योग धंधों, नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के विकास के लिए एक बड़ा मंच साबित होते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गोविंदपुरा में आयोजित फेड एक्सपो-2025 समारोह में बोल रहे थे। एक्सपो 23 नवंबर तक चलेगा।

एक्सपो में रूस ओमान और ताईवान देशों से भी उद्यमी आए

इंडस्ट्री नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के लिए एक्सपो बड़ा मंच

भोपाल और स्मोलेस्क को बनाएंगे दिवान सिटी वो लाख करोड़ की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन के लिए केंद्रीय गृहमंत्री को दिया आमंत्रण

व्लादिमीर ने कहा विकास की संभावना में प्रगति होगी.

मुख्यमंत्री ने रूस, ओमान और ताईवान से आए उद्यमियों से कहा कि आप सब इस एक्सपो में मप्र के आइडिया, कैलिबर और कैपेसिटी को देख ही जो उन्होंने विदेशी बल से आलनिरिर और विकसित मध्यप्रदेश की यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।

सीएम ने कहा कि मप्र उद्योगों के लिए पसंदीदा राज्य, एक्सपो उद्योगों को दुनिया से जोड़ने में सहायक

भोपाल की आबो-हवा और वहां की वास्तीर से मिलते-जुलते रूस के सांस्कृतिक शहर स्मोलेन्सक को हम ट्विन सिटी (जिस्टर्ड सिटीज) बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

उद्योगपतियों और निवेशकों को 5 हजार एकड़ जमीन दी

सभी औद्योगिक फेडरेशनों के अधिकारियों के सुझाव लिए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत दुनिया में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों और निवेशकों को 5000 एकड़ जमीन दी गई है। यह एक प्रयास से पांच हजार उद्योगपतियों को मप्र आने का निमंत्रण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीछे 4 दशकों में व्यापमव्यम की देख जाए तो इतने मप्र फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज मानो उतर रही है। राज्य सरकार मध्यप्रदेश के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी कोशिश है कि कारीगरी की मंडीयां दूर हो और युवाओं को रोजगार मिले ने कहा भी अन्नाहार है। उन्होंने कहा कि मप्र के गांव में रोजगारमूलक उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। दूसरी लाखों लोगों की बढ़ोतरी। राज्य सरकारविभिन्न में सभी फेडरेशन के अधिकारी के सुझाव और पारदर्शी अनुभव का लाभ लेगी। फेडरेशन के सहयोग से सरकार से विकेंद्र को प्रदान के लिए ऐसे ही बड़े आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से हम मप्र को विकास के मामले में नंबर वनराज्य बाय।

कार टकराने के बाद छात्र को सड़क पर पीटा

फिर कॉलोनी में घुसकर दबंगों की गुंडागर्दी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र की वाइटसीय कॉलोनी में शुक्रवार सुबह 5 बजे करीब 15 बदमाशों ने जबकर उत्पात मचाया। उन्होंने एक घर पर जाकर दरवाजा खुलवाया और वहां मौजूद महिला का मोबाइल छीन लिया। बीच-बचाव करने आए छात्र के दोस्तों को पीटा। इस दौरान एक युवक ने धमकी दी आईजी का बेटा हूं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मेज कॉलेज की प्रोफेसर विशाखा श्रीवास्तव ने बताया कि उनका देवर शिखर पुणे में पढ़ता है। अभी वह घर आया है। रात करीब 3 बजे दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहा था। रास्ते में उसकी कार बदमाशों की कार से टकरा गई। बदमाशों ने पहले वहीं पर शिखर को पीटा। वह किसी तरह घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी तो मैंने उसे जिलाया रिक्षा वाली को घर भेज दिया। विशाखा के मुताबिक सुबह करीब 6 बजे करीब 16 युवक घरों पर पहुंचे। दरवाजा खुलवाकर मेरा मोबाइल छीना और शिखर को कॉल कर धमकी दी। थप्पड़ शिखर ने मेरी (मां) की सुरक्षा के लिए तीन दोस्तों को भेजा। आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें दो दोस्तों के सिर पर गंभीर चोट आई। जाते-जाते बदमाशों ने कॉलोनी में खड़ी कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। विशाखा ने बताया कि डायल 100 को कॉल किया था, लेकिन पुलिस तब पहुंची जब बदमाश नायपीट और तोड़फोड़ करके जा चुके थे। पुलिस अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

वाइटसीय कॉलोनी में लाठी-डंडों से लैस डेढ़ दर्जन पहुंचे आरोपी, जो बोला-भागे पीटा

आईजी का बेटा बताया, पर नहीं पुष्टि नहीं . .

शिकायती पत्र बताता है कि आज से ये खुद को आईजी का लड़का बताता था। जबकि इसकी आईजी के साथ की पुष्टि नहीं हुई है।

श्रमिकों पर आज 10 से शाम 5 बजे तक शहर के कई इलाकों में बिजली कटौती

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल सुबह 10 से 12 बजे पुलिस हाउसिंग, फोरेंसिक लैब, पुलिस रेडियो ब्यू क्वार्टर (जीआरपी), नवा कॉलोनी, नवाब मंदिर, गौतम नगर, आकृति गार्डन, कलपाकाम आश्रम नेहरू नगर शेड, आईआईएफएम बुरगी।

सुबह 10 से दोपहर 1 बजे फायर कॉलोनी, सेंट्रल जेल, मॉडल केंद्र, भूजल कार्यालय व आलयास।

दोपहर 2 से शाम 4 बजे एकलौ बंगले, 8 नंबर मार्केट, बुरोन्ना पॉलिटेक्निक व आलयास।

सुबह 10 से शाम 4 बजे एमपी नगर, अरवीका गार्डन (पुराना व नया), शाहशाह गार्डन, अमृत कॉम्पलेक्स आदि क्षेत्र।

सुबह 11 से दोपहर 1 बजे सीरीजी, कैलाश नगर, साई रेजीडेंसी, सनातन विस्टा, गुल रेजीडेंसी, सर्वोदय कॉलोनी,

ट्रक ने 19 साल के युवक को कुचला, मौके पर मौत

डीआर संवाददाता।। भोपाल

सूफीपीसाविना पानपाला ब्रिज पर मेंटेनेंस के कारण लगाए गए बारिकेडिंग से बड़ा हादसा हो गया। पुल पर कम-से-कम सात के मतलब दोनों दिशाओं के वाहन एक ही लेन पर चल रहे थे। शुक्रवार की रात्रिगवाड़ निवासी नीतेश गिरोता(19) अपने साथी मनमोहन के दोनों साथ जाने के लिए ट्रक से बाइक बाहुक से गुजर रहा था। इसी दौरान गई। टक्कर के बाद बाइक ट्रक के नीचे चली गई और नीतेश का सिर ट्रक के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सभी मुकदमे के पैरों में चोट आई है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रिंटल हार्वेस्टर चलाने का काम करता था। घटना दिल्ली बाला क्षेत्र में मौत निवासी 19 वर्षीय नीतेश की एमरीजेंट के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। वह 12वीं के बाद पढ़ाई और कोचिंग के लिए भोपाल आया था। 15 नवंबर को दोपहर बाई को रायदिया रोड पर उसकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

हिंदू युवक का धर्म बदलवाने वाले 3 पर एफआईआर दर्ज

भोपाल। भोपाल के जहांगीराबाद में एक युवक का बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराए जाने का मामला सामने आया है। फरियादी 27 वर्षीय ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित युवक ने बताया कि जहांगीराबाद में रहने वाली मुस्लिम युवती से उसका प्रेम प्रसंग था। दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। शिकायत मार्च 2022 में परिजनों की मर्जी के खिलाफ घर से बिना बताए एक साथ रहने चले गए।

मामले में युवती के परिजनों ने थाना जहांगीराबाद में बताया फुसलाकर अपहरण और रेप करने की एफआईआर दर्ज करा दी। युवक के खिलाफ रेप का केस कोर्ट में विचारधीन है। रेप केस के मामले में युवक की पिछले दिनों पेशी थी, जबकि रेप पीड़िता के पिता और माता की गवाही कोर्ट में होना थी। तभी युवक ने प्रेमिका से शादी के लिए बात की।

भोपाल में एसडीएम-तहसीलदार औरबीएलओ को हर दिन इनाम,स्टार ऑफ द डे

एसआईआर- टारगेट पूरा करो, ट्रॉफी-सर्टिफिकेट पाओ

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी संक्षिप्त इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में अब टारगेट पूरा करने पर इनाम भी मिलेंगे। एसडीएम, तहसीलदार और बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) हर दिन स्टार ऑफ द डेज भी बनेंगे। कलेक्टर, उपजी एचआरडी की जानकारी ऑफिस के सूचना पटल पर भी लगाया होगी। 4 नवंबर से एसआईआर सर्वे शुरू हुआ है। अब तक की स्थिति में भोपाल

जिले की स्थिति काफी खराब है। सात विधानसभा सीटों में 21 लाख 25 हजार 603 वोटर हैं। हमने दो 2087 लाख फॉर्म बांटे जा चुके हैं, लेकिन वापस 4.15 लाख फॉर्म ही आए हैं। यह 20: से भी कम है, जबकि सर्वे को अब महीना से ज्यादा बीत चुका है। इसलिए अब वोटरों की सुविधा के लिए नए वोटर की ऑनलाइन हो या सक्सी करना, सब शुरू हो रहा है। अब ईआरओ, एईआरओ और बीएलओ को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। इनकी सुरक्षा सप्तिवार से ही हो जाएगी।

कोलार मॉल के ब्यूटी पार्लर में आग, 2 घंटे की मशक्कत से बुझी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

कोलार रोड पर स्थित आईबीडी एम्पोरिया मॉल में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। मॉल की सातवीं मंजिल पर स्थित एक ब्यूटी पार्लर में लगी आग देखते ही देखते बेकाबू हो गई। वह पास की तिम तक पहुंचने लगी। फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ब्यूटी पार्लर पूरी तरह से जल गया। सैकंड फ्लोर पर ही 60 से

ज्यादा स्टॉल थी।

मॉल प्रबंधन फ्लोर के साथ तीन मंजिलों है। इसमें करीब 150 से 200 दुकानें हैं। मॉल के सेकंड फ्लोर पर एलाइट ब्यूटी पार्लर है। इसकी संचालिका रेखा कमल सुबह 11.30 बजे पार्लर में थीं। एक ग्राहक भी थी। पॉर्लर से धुंआ निकलता दिखने पर वे बाहर भागे। पास के दुकानदार भी वहां पहुंच गए। करीब 1 घंटे तक लोग ही आग बुझाने का प्रयास करते रहे। इसके बाद फायर ब्रिगेड की दोपहर 12.16 सूचना दी। फायर ब्रिगेड की दो दमकल और दो टैंकरों ने आग पर काबू पाया।

ज्ञापन दिया | राज्यपाल पटेल के नाम ज्ञापन सौंपा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने की धारा 54 लगाने सहित आरजीपीवी को तीन क्षेत्रों में बांटने की मांग

डीआर संवाददाता।। भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की नैक मूल्यांकन प्रक्रिया पर उठे सवाल अब एक बड़े अकादमिक विवाद में बदल गए हैं। अभाविप ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर आरजीपीवी में तत्काल धारा 54 लागू करने की मांग की है।

प्रांत मंत्री केतन भगुरीवी ने इस ज्ञापन में कहा है कि गलत एवं कामक एसएसआर तैयार करने वाले, नैक इंपायर डॉ. अर्पना तिवारी तथा गलत दस्तावेज तैयार करने वाले सभी दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

प्रदेश इतने बड़े तकनीकी विश्वविद्यालय का सुचारु

संचालन के लिए आरजीपीवी को प्रदेश की तीन क्षेत्रों में विभाजित किया जाए। निर्णय न होने की स्थिति में अभाविप राजभवन के खिलाफ भी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इसके पहले अभाविप के प्रतिनिधिमंडल द्वारा तकनीकी संचालन के लिए आरजीपीवी को प्रदेश की तीन क्षेत्रों में विभाजित किया जाए। निर्णय न होने की स्थिति में अभाविप राजभवन के खिलाफ भी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इसके पहले अभाविप के प्रतिनिधिमंडल द्वारा तकनीकी संचालन के लिए आरजीपीवी को प्रदेश की तीन क्षेत्रों में विभाजित किया जाए। निर्णय न होने की स्थिति में अभाविप राजभवन के खिलाफ भी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

विश्वविद्यालय के नए कुलपति की नियुक्ति होने तक प्रदभार रमेशचंद्र द्रो. चौबे

इधर, बढ़ते विरोध को देखते हुए मामले में कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत इस्तीफे को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वीकार कर लिया है।

राज्यपाल पटेल ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम-1998 के प्रावधानों के अंतर्गत विश्वविद्यालय के नए कुलपति की नियुक्ति होने तक आरजीपीवी भोपाल के सलाकाध्यक्ष इलेक्ट्रकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोफेसर एसपी चौबे को पदभार संभालने के लिए निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि अभाविप ने कुलपति के पदा के बाहर प्रदर्शन भी किया था।

भोपाल के कारोबारी के घर-दफ्तर पर ईओडब्ल्यू का छापा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

माइनिंग कंपनियों में निवेश के नाम पर 35.75 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के दौरान भोपाल ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को कारोबारी दिलीप कुमार गुप्ता के दो ठिकानों पर छापा मारा। दो टीमों ने यह कार्रवाई अलग-अलग जगहों पर की। एक टीम ने उनके 6-7 परिवार सोसायटी, फेस-2, सूना भट्टी स्थित आवास पर जबकि दूसरी टीम ने एमपी नगर जोन-2 स्थित दफ्तर पर तलाशी ली। ईओडब्ल्यू को उन दस्तावेजों की तलाश थी, जिन्हें नोटिस

देने के बावजूद आरोपी पक्ष ने उपलब्ध नहीं कराया था। इनमें निवेश के नाम पर ली गई 6.89 करोड़ की रकम से जुड़े दस्तावेज, शिकायतकर्ता की दो संपत्तियां गिरवी रखकर दिलाए गए 11.15 करोड़ के लोन का रिकॉर्ड भी शामिल है। इसलिए जरूरी तलाशी?

ईओडब्ल्यू के अनुसार आरोपी ने दस्तावेज दे रहा था, न पूछताछ में सहयोग। फर्जी अलॉटमेंट, वैल्यूएशन और बैंक खातों के लेन-देन के रिकॉर्ड छिपाने या नष्ट करने की आशंका थी। कोर्ट में और पुलिस के सामने दिए दस्तावेजों में विरोधाभास भी मिले। तथ्यों के आधार पर धारा 120-ई, 420, 467,468 और 471 में एफआईआर दर्ज की गई है।

ईओडब्ल्यू की कार्रवाई।

21 लाख नगद और 60 से ज्यादा सिक्योरिटी भी मिली

नगद राशि 21,18,500 मिले। 44 कारतूस 44 जिंदा कारतूस मिले, जिन्हें जब्त किया।

सिक्योरिटीज माइनिंग लीजों के नाम पर 60 से अधिक रजिस्ट्रीज्ञसहमति पत्र बरामद हुए लापनियों की फाइलें आरोपी से जुड़ी या उसके नियंत्रण वाली 50 कम्पनियों की फाइलें मिली। हार्ड डिस्क कुल 5 हार्ड डिस्क जब्त हुई, जिनमें डिजिटल रिकॉर्ड, अकाउंट डेटा होने की संभावना है।

डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष पक्ष,02- 2082 | सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 22 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

वरिष्ठजन के लिए हेल्प लाइन नंबर 14567 शुरू

सीहोर। वरिष्ठजनों की सहायता के लिए हेल्प एज इंडिया के माध्यम से हेल्प लाइन नंबर 14567 शुरू किया है। इस पर कॉल करने पर कार्रवाई होती है। हेल्प लाइन द्वारा वरिष्ठजन को उनसे संबंधित विभिन्न सेवाओं, समस्याओं के निवारण की जानकारी दी जाती है।

स्टेकहोल्डर ट्रेनिंग और बैठक का आयोजन

सीहोर। एनए भोपाल द्वारा आईसीएमआर के प्रकल्प प्रोजेक्ट के तहत सीहोर में स्टेकहोल्डर ट्रेनिंग एवं बैठक का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य एनीमिया मुक्त बाला 20 के प्रभावी क्रियान्वयन, आवश्यक समीक्षाओं एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी साझा करना था।

भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को मिलेगा पट्टा

सीहोर। नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार देने 20 नवंबर से अभियान शुरू किया है। अभियान 13 दिसंबर तक चलेगा। सूची 14 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। आपत्ति सुनवाई के निपटारा के बाद 29 दिसंबर को अंतिम सूची जारी की जाएगी।

सर्दी से हल्की राहत, तापमान में 3 डिग्री बढ़ोतरी

सीहोर। पिछले तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी से शुक्रवार को मामूली राहत मिली। दिन का पारा 27.0 डिग्री और रात का 9.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, आंशिक बादल छाने से दिन और रात के तापमान में करीब 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। हालांकि तेज ठंड से राहत अभी नहीं मिलेगी। आसपास कोलार सिंचाई ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि हवा का रुख अब उत्तर और उत्तर-पूर्व से बदलकर पूर्व और दक्षिण-पूर्व हो गया है। इससे मौसम में बदलाव आया है। कुछ दिन आंशिक बादल छाए रहेंगे। इसके तेज ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। डॉ. तोमर ने बताया कि मौसम में बदलाव का असर फसलों पर भी पड़ेगा।

सीहोर के जसबीर सिंह खनूजा बने प्रदेश महामंत्री

सीहोर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और लखन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से सद्भावना व कौमी एकता प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राव खनूजा द्वारा विभिन्न जिलों से युवा और अनुभवी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपते हुए टीम का विस्तार किया गया है। सीहोर के कांग्रेस कार्यकर्ता जसबीर सिंह खनूजा को प्रकोष्ठ का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है।

शिवानी प्रजापति करेंगी अंतरराष्ट्रीय सीमा का भ्रमण

सीहोर। स्वयंसेवक शिवानी प्रजापति का चयन मुख्यमंत्री द्वारा संचालित में तुझे प्रणाम योजना के तहत हुआ है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा के अनुभवात्मक अध्ययन दौरे के लिए चुना गया है। यह चयन राज्य के युवा स्वयंसेवकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और सेवा भाव के आधार पर किया गया।

चोरी दो माह पूर्व भी इसी कॉलोनी में हुई थी लाखों की चोरी, कॉलोनीवासियों में असुरक्षा का माहौल

पॉश कॉलोनी क्रिसेंट रेसीडेंसी में चोरों ने फिर बोला धावा, 1.80 लाख नगद ले उड़े

इस कॉलोनी में यह कोई पहली घटना नहीं है। लगभग दो माह पहले इसी मकान से छह मकान पहले एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर अशोक श्रीवास्तव के सूने घर से लाखों रुपए की नकदी और जेवरात उड़ाए गए थे।

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

शहर की सुरक्षित और पॉश समझी जाने वाली क्रिसेंट रेसिडेंसी कॉलोनी एक बार फिर चोरों के निशाने पर आ गई है। कुछ समय के लिए जो सन्नाटा टूटा था, अब फिर वही भय और असुरक्षा लौट आई है। बीती रात हुई चोरी की वारदात ने न केवल निवासियों में दहशत फैलाई है बल्कि कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सोते परिवार के बीच से उड़ाई नकदी

जानकारी के अनुसार, कॉलोनी के मकान नंबर 155 में रहने वाले मुकेश खजांची हाल ही में यहां शिफ्ट हुए हैं। रोजमर्रा की तरह उनका परिवार रात में घर में सो रहा था। तभी चोरों ने दीवार फांदकर घर में घुसे गए। जिस कमरे में उनकी पत्नी सो रही थीं, उसी कमरे की अलमारी को खोलकर चोरों ने लगभग 1.80 लाख रुपए की नकदी और अन्य सामान चुरा लिया। सोते परिवार के बीच हुई वारदात ने सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

आहट से नींद टूटी लेकिन बहुत देर हो चुकी थी

रात की खामोशी में खटपट की आवाज सुनकर खजांची की पत्नी की नींद टूट गई। लेकिन जब तक वह कुछ समझ पाती, तब तक चोर सामान लेकर फरार हो चुके थे। रात की इस दहशत भरी घटना को याद करते ही परिवार आज भी सहम जाता है। वारदात की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर फोरेंसिक पंजीयन और अन्य औपचारिक कार्यवाही की गई।

दो माह पूर्व भी हो चुकी है इसी कॉलोनी में लाखों की चोरी

इस कॉलोनी में यह कोई पहली घटना नहीं है। लगभग दो माह पहले इसी मकान से छह मकान पहले एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर अशोक श्रीवास्तव के सूने घर से लाखों रुपए की नकदी और जेवरात उड़ाए गए थे। पुलिस ने उस दिन भी नेहमत के साथ आरोपियों को पकड़कर कुछ जेवर बरामद जरूर किए थे, लेकिन चोरी गई बड़ी रकम आज तक नहीं मिल पाई है। यह घटना लोगों के दिल-दिमाग से उतरे बिना ही दूसरी चोरी ने सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कॉलोनीवासी सुरक्षा को लेकर चिंतित

इन लगातार घटनाओं ने पॉश कॉलोनी के निवासियों के मन में असुरक्षा की गहरी भावना पैदा कर दी है। यहां रहने वाले लोग लगातार पुलिस गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी कवरेज मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। कई निवासियों का कहना है कि रात में खासतौर पर सुरक्षा के नाम पर कोई व्यवस्था नजर नहीं आती, जबकि भारी मेंटेनेंस चार्ज भी जमा लिया जाता है।

पुलिस की कोशिशें: कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर चोरी की वारदात शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम आसपास के संदिग्धों, बदमाशों के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने घाटे और कॉलोनीवासियों की चिंता के बीच उम्मीद नहीं की जा रही है कि जल्द ही आरोपी गिरफ्त में आएंगे और चोरी हुई राशि की बरामदगी हो सकेगी।

लंबित मामलों के समय पर निपटान और नाइट पेट्रोलिंग को मजबूत करने के निर्देश

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

सीहोर में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने कोतवाली थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों, सामान्य, नर्म और खास डायरियों का समय पर निपटारा कर सही मार्गदर्शन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों और मानवाधिकार से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

एसपी ने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय के भीतर निपटाया जाए। सामान्य, नर्म और खास डायरियों मामलों की प्रगति नियमित रूप से रिपोर्ट की जाए और कोर्ट में समय पर पेश किया जाए।

नाइट पेट्रोलिंग को नियमित और प्रभावी बनाने पर जोर

उन्होंने रात्रि गश्त को और मजबूत करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पेट्रोलिंग नियमित, प्रभावी और व्यवस्थित हो, ताकि रात में चोरी, लूट और अन्य अपराधों पर नियंत्रण किया जा सके। थाना प्रभारी और गश्त अधिकारी खुद भी रात्रि गश्त का औचक निरीक्षण करेंगे।

अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

शुक्ला ने गुंडा-बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने, मुखबिर तंत्र को मजबूत करने और प्रतिबंधात्मक एवं निरोधात्मक कार्रवाई बढ़ाने को कहा। उन्होंने अवैध शराब, जुआ-सट्टा और असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हो।

7 माह पहले निकाली मरम्मत की राशि, अब शुरू कराया काम, प्रभारी प्राचार्य को नोटिस

डीआर संवाददाता ▶▶ इटावर

हाई स्कूल डिस्टिलवर के प्रभारी प्राचार्य ने 50 हजार की राशि तो निकाल ली थी, लेकिन मरम्मत नहीं कराई। यह राशि 7 माह तक पास रखी। अब मरम्मत शुरू हुई। इस पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कोई भी शासकीय स्कूल एक माह से अधिक शासकीय राशि को बैंक खाते से निकालकर अपने पास नहीं रख सकता। मालवन ने ब्रजेश चहाल की, तो स्कूल प्राचार्य ने अपने पास राशि नहीं होने की बात कहते हुए यह पूरा मामला पूर्व प्राचार्य के समय का बताया, जबकि पूर्व प्राचार्य तार्क सड़के के स्थानांतरण के बाद जब चार्ज दिया गया, तो 50 हजार की राशि नगद

प्रभारी प्राचार्य बाबूलाल नालवीय को दी गई थी।

मालूम हो नालवीय ने इस राशि का उपयोग मरम्मत के लिए नहीं किया। वह कहा जा रहा है कि मार्च बीईओ कार्यालय से प्राप्त हुई प्राचार्य को दी। अब प्रकाशित होने के बाद प्रभारी प्राचार्य ने स्कूल के सीसीटीवी की मरम्मत शुरू करा दिया। स्कूलों को जारी हुई भी राशि मार्च में बीईओ कार्यालय से क्लर्क के सभी 78 स्कूलों को सीसीटीवी मरम्मत के लिए 25-25 हजार रुपए व स्टेशनरी कार्य के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि जारी की गई थी। मैजीक जर्ज खत्म होने के मलकर में सभी प्राचार्य ने राशि का तुरंत आहरण कर लिया था।

कार्रवाई की जाएगी

राशि आहरण करने के बाद प्रभारी प्राचार्य को जांच पूर्ण कराना चाहिए था। उन्होंने राशि प्राप्त करने के बाद काम क्यों नहीं कराया, इसके लिए उन्हें शोकाज नोटिस भेजा गया है। जवाब मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। एनएस मेहरी, बीईओ राशि निकालने का क्या है नियम: शासकीय राशि बैंक खाते से निकालने के बाद संस्था अमुक को अधिकतम एक माह में काम पूरा करना होता है। अधिक समय तक शासकीय राशि बैंक खाते से निकालकर अपने पास रखना शासकीय सेवा आचरण के विरुद्ध माना जाता है।

कृषि उपज मंडियों में रही भारी आवक सोयाबीन के मॉडल रेट में 4 रु. की बढ़ोतरी, अब 4271 .

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

शुक्रवार सोयाबीन में अब दूसरे दिन सोयाबीन का मॉडल रेट तय हो रहा है। शुक्रवार 21 नवंबर को यह रेट 4271 रुपए प्रति क्विंटल रहा। यह उन किसानों के लिए है जिन्होंने गंदी छांटना में सोयाबीन बेची है। इसी रेट के आधार पर भावांतर की राशि तय होगी। एक दिन पहले के मुकाबले रेट में 4 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इससे किसानों को 251 रुपए कम मिलेंगे। शुक्रवार में मॉडल रेट 15 दिन में एक बार तय करने की बात थी। अब यह रोज जारी हो रहा है। मंडियों में आवक बढ़ी है।

पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को जारी हुआ था। तब यह 4020 रुपए प्रति क्विंटल था। इसके बाद 8 नवंबर को 4013 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 को 4056 रुपए, 12 को 4077 रुपए, 13 को 4130 रुपए, 14 को 4164 रुपए, 15 को 4225 रुपए, 16 को 4234 रुपए, 17 को 4236 रुपए, 18 को 4255 रुपए, 19 को 4263 रुपए और 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल रहा। राज्य सरकार ने गारंटी दी है कि किसानों को हर हाल में न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा।

आवक: कृषि उपज मंडीवार आवक में भी सोयाबीन की आवक रही। यहां न्यूनतम भाव 2300 और अधिकतम 4662 रुपए रहा।

अस्पताल में पिता-पुत्र से मारपीट का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

पांच दिन पहले देर रात जिला अस्पताल में पिता-पुत्र से मारपीट के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पांच दिन से फरार तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ लिया।

अंबेडकर नगर निवासी रोहित हाउस संचालक 27 वर्षीय प्रवेश परिहार अपने घर जा रहा था। तभी सड़क पर दीपक परमार नामक युवक उसकी बाइक के सामने आ गया। इस दौरान दोनों में कहासुनी हुई। दीपक ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। प्रवेश घर पहुंचा और अपने पिता को घटना के बारे में बताया। इसके बाद दोनों भोपाल नाके मंडुवे और दीपक परमार से बात कर रहे थे। तभी दीपक ने अपने दो साथियों नवीन और भानु के साथ मिलकर पिता-पुत्र की पिटाई की और उन्हें घायल कर दिया। 17 नवंबर को फरियादी प्रवेश परिहार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों दीपक परमार और नवीन रावत को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, शुक्रवार को पुलिस ने तीसरे आरोपी भानु रावत को भी गिरफ्तार कर लिया।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेघा शर्मा का किया सम्मान

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

शहर की उभरती कराटे खिलाड़ी नाबालिग 13 साल की मेघा शर्मा ने देश की राजधानी दिल्ली में अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर नेशनल कराटे प्रतियोगिता में दो मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी मेघा शर्मा का सम्मान किया। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ गुरमीत सिंह सहित अन्य पार्षद मौजूद थे।

इस मौके पर अपने परिजनों के साथ नगर पालिका में पहुंची मेघा शर्मा ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली में नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर उन्होंने अंडर-14 एज ग्रुप में सिल्वर और ब्रांज मेडल हासिल किया।

उन्होंने बताया कि वह शुरू से ही कराटे का अभ्यास कर रही है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर और सीएमओ ने प्रतिभाशाली बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

निरीक्षण कलेक्टर ने बीएलओ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन

कलेक्टर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का किया फील्ड निरीक्षण

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

कलेक्टर श्री बालचन्द्रु के. ने आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का फील्ड में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने फील्ड पर बीएलओ से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने गणना कार्यों के वितरण और प्राप्ति की स्थिति तथा बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की। उन्होंने बुधनी विधानसभा के अंतर्गत मतदान केंद्रों पर पहुंच कर एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालचन्द्रु के. ने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि फील्ड में होने वाली किसी भी कठिनाई को तत्काल संज्ञान में लाया जाए, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके और अद्यतनीकरण का कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह कार्य पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को समय सीमा के भीतर सभी एवं डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसआईआर कार्य के लिये बीएलओ के सहयोग के लिये लगाये गये सभी कर्मचारियों से कहा कि यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान पेलवा एसडीएम सुधीर चतुर्वेदी तथा बुधनी एसडीएम जीवन तोमर उपस्थित थे।

मुस्कान विशेष अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे मुस्कान विशेष अभियान के अंतर्गत थाना पेलवा द्वारा गुरुवार को ग्राम बोरखेड़ा कला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और विद्यार्थियों को महिला संबंधी अपराधों, बाल सुरक्षा और बालपुरी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में निरीक्षक घनश्याम दांगी, उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, आरक्षक रविंद्र सहित थाना पेलवा का स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को विस्तार से बताया कि आज के समय में महिलाएं किन-किन स्तरों का सामना कर सकती हैं और उनसे कैसे खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है। पुलिस टीम ने बालिकाओं को महिला अपराधों के प्रकार, उनकी शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा दोषियों को मिलने वाली सजा के विषय में भी जानकारी दी। साथ ही अपराध से पहले और बाद की परिस्थितियों, उसके उत्पन्न मानसिक और सामाजिक समस्याओं को केस स्टडी के माध्यम से समझाया गया। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों से जुड़े अपराधों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए छात्राओं को सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस ने साइबर सुरक्षा, अनजान लोगों से बातचीत, फोटो-वीडियो शेयरिंग और फर्जी प्रोफाइल से बचने के तरीके भी बताए। विद्यालय परिसर की रही सक्रिय नागरिकों कार्यक्रम में शिक्षक की प्राचार्य सारीता तोम्बी, संगीता सेन, सहित थे।

डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष पक्ष,02- 2082 | सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 22 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

सांसद खेल महोत्सव को लेकर हुई बैठक

जावर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार खेल को बढ़ावा देने हेतु पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मंडल की बैठक गांधीपुरी विद्यालय में हुई। जिसमें सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी साझा की गई। सभी वर्गों से रस्सी खींच, कबड्डी, खो-खो व सभी प्रकार के खेलों की प्रस्तुति दी।जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कन्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, तहसीलदार ओमप्रकाश परिहार, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मेवाड़ा, जय सिंह ठाकुर, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद, नितिन कोशल, मंडल महामंत्री राजा ठाकुर, योगेंद्र सिंह, मदन विश्वकर्मा, दयाराम परिहार, कन्हैया ठाकुर, हुकम विश्वकर्मा, सुनील लोधी, तेज सिंह भाटी, अजबर सिद्दीकी, संजय मालवीय, कमलेश खरी आदि उपस्थित थे।

खेल से स्वास्थ्य और प्रतिभा दोनों बढ़ती है , भार्गव

रेहटी। राजाखेड़ा सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत रेहटी खेल मैदान में हुई। मुख्यातिथि रामगढ़ से बुलाकी विधायक रणवीर भार्गव और युवा बाहुबली कार्तिकेय सिंह गौहान शामिल हुए। मंडल राजाखेड़ा अध्यक्ष प्रभावीर सिंह सेवरवंशी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवा खिलाड़ियों ने दोनों नेताओं का स्वागत किया। खिलाड़ियों को टी-शर्ट वितरित की गईं।कार्तिकेय सिंह गौहान ने कहा कि तीन साल पहले रेहटी में स्टेडियम नहीं था, तब भी खेल महोत्सव पूरे उत्साह से शुरू हुआ था। आज यह इनडोर स्टेडियम में हो रहा है। उन्होंने कहा, व्यापक उत्साह गेरी ऊर्जा है। विधायक रणवीर भार्गव ने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मस्तिष्क बनता है।

भगवान की पूजा कम, प्रदर्शन अधिक हो रहा मुनिश्री

आष्टा। नगर के किला मंदिर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन विद्यालय अतिशय तीर्थ क्षेत्र में विराजमान मुनिश्री अपर सागर मुनिराज ने कहा कि जिनके हृदय में वैराग्य की ज्योति जलती है, आत्मा में ज्ञान का प्रकाश होता है, वे जीव अनंत सुख का अनुभव करते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म की क्रिया को कोई समझ नहीं पा रहा।आज भगवान की पूजा कम, प्रदर्शन अधिक हो रहा है। लोग भगवान का अभिषेक कर फोटो खिंचवाते हैं और उसे मोबाइल के व्हाट्सएप व स्टेटस पर लगाते हैं। नाम और नेग की इच्छा बनी हुई है, भगवान और धर्म की प्रभावना नहीं। मुनिश्री ने कहा कि धर्म सभा से शुरू होता है। धर्म का प्रभाव अभी समझ में नहीं आ रहा। ऐसा पुरुषार्थ करना चाहिए जिससे मोक्ष की प्राप्ति हो। उन्होंने कहा कि शिक्षक की कोई कीमत नहीं, लेकिन वही तिनका आंख या शरीर में चला जाए तो कष्ट देता है। हर चीज का प्रभाव होता है। पंचेंद्रिय विषयों को भावना के भोग जैसा बताया। अज्ञानी उसे पसंद करते हैं, ज्ञानी मोक्ष रूपी फलता को।

व्यवस्था बिगड़ी | अधिक आवक से व्यवस्थाएं चरमराईय किसानों को रातभर का इंतजार

आष्टा मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉली खाड़ी करने की जगह नहीं

आष्टा मंडी में लहसुन की रिकॉर्ड आवक, व्यवस्थाएं चरमराईय किसानों को रातभर का इंतजार

डीआर संवाददाता ▶▶ आष्टा

आष्टा कृषि उपज मंडी में लहसुन और अन्य उपज की भारी आवक हो रही है, जिससे मंडी प्रबंधन के लिए व्यवस्थाएं बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है। विक्रमी दो शनिवार से मंडी में उपज की रिकॉर्ड तोड़ आवक देखी जा रही है। स्थिति यह है कि मंडी परिसर में उपज लेकर आने वाले वाहनों को खड़ा करने की जगह नहीं बची है। हफ्ते में दो से तीन बार अत्यधिक आवक के कारण कन्नौद मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।

उपज की रिकॉर्ड आवक के चलते मंडी प्रशासन को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को गंतव्य प्रांगण के पीछे खड़ा कराना पड़ रहा है। कई किसानों ने शिकायत की है कि मंडी प्रबंधन पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा है। उनका कहना है कि मंडी प्रांगण भर जाने पर किसानों को पहले से सूचना दी जानी चाहिए, ताकि व्यवस्था बिगड़े नहीं और उन्हें रात भर परेशान न होना पड़े।

मंडी में इस बार अरहर का एक प्रमुख कारक पखवार योजना भी है। 21 नवंबर, 2025 को भावांतर भुगतान मात्रा 4271 रुपये प्रति क्विंटल रहा। भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए किसान समर्थन मूल्य उपज मंडी पर रुख कर रहे हैं। पिछले एक हफ्ते से रोजाना 20,000 क्विंटल से अधिक उपज की आवक हो रही है।

शांति नगर कॉलोनी के निवासी भी इस स्थिति से परेशान हैं। कॉलोनी के मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी रहने से स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। कॉलोनीवासियों ने कई बार मंडी प्रबंधन से इस समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी हल नहीं निकाला गया है। मंडी सचिव गोपाल नेमा ने बताया कि अत्यधिक आवक के कारण कोई परेशानी है तो किसानों को पहले से सूचना दी जानी चाहिए, ताकि व्यवस्था बिगड़े नहीं और उन्हें रात भर परेशान न होना पड़े।

किसान साथियों से अपील

मंडी के सचिव गोपाल नेमा ने बताया कि किसान साथियों को सूचित किया जाता है कि मंडी आष्टा में अपनी फसल लेकर के लिए लाने समय अपनी ट्राली में पल्ली जरूर लेकर आवें। जिससे कि नीलाम होते समय नीलामी होते में ट्राली के नीचे बिछा सकें एवं उपज की नीलामी होने के पश्चात अपनी उपज के बिक्री वाली को स्टोर कर वापस अपनी ट्राली में डाल सकें। यह पल्ली आपको अपनी उपज को बारिश के भीगने से बचाने में भी मदद करेगी। साथ ही आपकी गेहूं की उपज के एक एक दाने को बचाने में सहायक होगी।

धान भंडारण में सूखात के नियम तय करने की मांग

डीआर संवाददाता ▶▶ बैरसिया

मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के फील्ड स्टाफ एम्प्लॉइज एसोसिएशन ने धान और मोटे अनाज के भंडारण में होने वाली प्राकृतिक सूखत के लिए नियम तय करने की मांग की है। इसके लिए एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री, अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव (खाद्य, नागरिक आपूर्ति) और प्रबंध संचालक को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन जिला आपूर्ति नियंत्रक खाद्य शाखा कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया।

एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि 25 नवंबर तक इस पर कोई नीति नहीं बनी, तो वे धान भंडारण के काम से खुद को अलग कर क्रमबद्ध हड़ताल पर चले जाएंगे। सदस्यों ने बताया कि फील्ड स्टाफ सरकारी सम्पत्ति मूल्य पर खरीदे गए पूरे स्टॉक के वैज्ञानिक भंडारण में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रदेश में कई वर्षों से धान और मोटे अनाज का भंडारण हो रहा है, लेकिन नियम में अब तक लॉस-नेग के लिए कोई नीति नहीं बनाई।कर्मचारियों ने कहा कि सूखत के लिए सरकार प्रबंधकों को दोषी ठहराया जाता है, जबकि यह प्राकृतिक प्रक्रिया है। नॉर्म्स तय न होने से नियम कर्मचारियों पर सूखत का दायित्व डालता है। एसोसिएशन ने इसे वैज्ञानिक रूप से गलत बताया। उन्होंने बताया कि नीति के अभाव में कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर अनावश्यक दायित्व तय किया गया।केंद्रीय भंडार गृह के सदस्य राज्य में लागू करने की मांग विगत वर्षों एवं आगामी वर्षों के लिए एमपीकलचुरएजसी की स्टॉक होल्डर संस्था केंद्रीय भंडार गृह में जो सदस्य वर्तमान में प्रचलित है, उन्हें ही राज्य शासनमंत्रिमण्डल में लागू किया जाए। जो कि 2 महीने एक अधिकतम 2, 4 महीने तक अधिकतम 4 और 6 महीने तो अधिक से 5 फीसदी तक है। ज्ञापन देने वाले सभी ज्ञापन प्रबंधक मौजूद थे।

कलेक्टर व अपर कलेक्टर कर रहे सतत मॉनिटरिंग

बीएलओ घर-घर जाकर कर रहे हैं एसआईआर कार्य

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के. के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। बीएलओ द्वारा जिले में 20.00 प्रतिशत गणना कार्य घर-घर जाकर मतदाताओं के वितरित किये जा चुके हैं और कार्य चलने में मतदाताओं की मदद कर रहे हैं।

भरे हुए फार्म प्राप्त कर बीएलओ उन्हें बीएलओ एप पर डिजिटाइज करने की तेजी से कर रहे हैं। मई बीएलओ ने एसआईआर के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एसआईआर कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए आज कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित विभिन्न विभागों के अन्य कर्मचारी भी बीएलओ का सहयोग कर रहे हैं।

कलेक्टर श्री बालागुरु के. एवं अपर कलेक्टर श्री दुर्गाराम सिंह प्रतिदिन एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। वे फील्ड से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर निर्देश जारी कर कार्य में तेजी लाने पर जोर दे रहे हैं। बीएलओ को किसी प्रकार की समस्या या कठिनाई न हो, इसके लिए ईआरओ एवं एईआरओ भी लगातार बीएलओ के संपर्क में रहकर मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने कहा कि मतदाता सूची संशोधन की आधारशिला है, इसलिए यह कार्य रुचिपूर्णता और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और सभी प्रविष्टियाँ सही एवं अद्यतन हों। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में 1,250 बीएलओ अन्य कर्मचारियों के सहयोग से एसआईआर के कार्य को संपादित कर रहे हैं।

नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिन चला धार्मिक आयोजन

डीआर संवाददाता ▶▶ आष्टा

अन्नपूर्णा कॉलोनी में नवनिर्मित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन हुआ। यह मंदिर स्वर्गीय मोतीलाल दुबानिया और स्वर्गीय नानक बाई साहू की स्मृति में बनाया गया। मंदिर निर्माण के लिए जितेंद्र कुमार गुप्ताजिया और श्रीराम श्याम साहू ने अपनी निजी भूमि दान की। भूमि दान का कार्य सफल पाया आष्टा अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष सचिन चंदेरे, कल्लू कुशवाहा और राकेश सुराणा की उपस्थिति में हुआ।मंदिर का निर्माण कई अन्नपूर्णा कॉलोनी के रहवासियों के सहयोग से पूरा हुआ। निर्माण पूर्ण होने के बाद 18 नवंबर से धार्मिक कार्यक्रम शुरू हुए। 20 नवंबर को भगवान गणेशेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा विधिविधान से की गई। 21 नवंबर को मंदिर का आयोजन हुआ। प्राण-प्रतिष्ठा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।कार्यक्रम में सबसे हिन्दू समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, मनीष डागरे, बीएस वर्मा एडवोकेट, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाह, व्यापार महासंघ अध्यक्ष, कन्नौद।

अधिकारी निरीक्षण करने आए तो सभी शिक्षक मौजूद थे, उनके जाते ही पांच में से चार चले गए

भैंसदेही। क्षेत्र के कई स्कूल समय पर नहीं खुलते। इस समय एसआईआर कार्य में लगी ड्यूटी से स्कूलों में शिक्षकों की संख्या पहले ही कम हो गई है। जहां खुल भी रहे हैं, वहां कुछ समय के लिए शिक्षक स्कूल में रहते हैं और फिर समय से पहले ही घर चले जाते हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत नीलकंठ में सामने आया।

निरीक्षण के समय सभी शिक्षक उपस्थित थे, लेकिन उनके जाते ही पांच में से सिर्फ एक महिला शिक्षक ही मिली। गिरिजा स्कूल नीलकंठ में शिक्षकों की मनमानी और लापरवाही स्पष्ट दिखती है। स्कूल में कक्षा एक से पांचवीं तक कुल 93 बच्चे अध्ययनरत हैं, जबकि इन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों की संख्या 5 है। इन शिक्षकों पर सरकार हर महीने लाखों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन इसके बाद भी यहां शिक्षक नहीं मिलते हैं। गुरुवार दोपहर 3:10 बजे स्कूल परिसर पूरी तरह खाली था।स्कूल में नहीं के बराबर दोपहर के समय इस स्कूल में छात्रा रात थी कि यहां पर एक भी बच्चा नहीं था।

अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर

डीआर संवाददाता ▶▶ आष्टा

आष्टा में अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पचोर का शुक्रवार शाम आगमन हुआ, जहां उनका साई कॉलोनी स्थित युवा प्रदेश सचिव रणसिंह जाट के निवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंचोर ने समाज की एकता को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज की एकता में ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति निहित है। प्रदेश युवा सचिव रणसिंह जाट और जाट महासभा युवा इकाई ने उनका स्वागत तिलक, साफा और शॉल ओढ़ाकर किया। इस समाज से जुड़े कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। पचोर ने रणसिंह जाट को कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय में समाज और पश्चिमी क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है, साथ ही युवा प्रदेश सचिव के रूप में उनकी प्रयासों की प्रशंसा की।

जागरूकता हेतु स्कूल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यानगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु स्कूल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसका प्रमुख उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में प्रत्येक आमजन को जागरूक करना है, जिससे हर व्यक्ति यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो और उनका पालन करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार आज दिनांक 21.11.2025 को पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार सूयवंशी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा और यातायात प्रभारी सुधेश ब्रजमोहन ठाकरे के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक -1 में यातायात नियम विषय के क्रम में जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जनजागरण एवं प्रेरणा गतिविधियां संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि केंद्रीय भूत जिला जनसुनवाई के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी विभागीय अमले को समन्वय के साथ कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा, ताकि दीपी भूत जिला बनाने के लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ा जा सके।

बैठक | सीहोर में अत्याचार निवारण अधिनियम की बैठक

81 प्रकरणों में 1.56 करोड़ की राहत राशि वितरित, कलेक्टर ने त्वरित न्याय के निर्देश दिए

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

सीहोर में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में बताया गया कि 81 प्रकरणों में 1 करोड़ 56 लाख रुपए की राहत राशि वितरित की गई है। कलेक्टर बालागुरु के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अत्याचार पीड़ितों के मामलों में पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

कलेक्टर ने अधिनियम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए बनाया गया है। इसका लक्ष्य इन समुदायों को भेदभाव और अत्याचारों से बचाना तथा उनके सम्मानपूर्वक जीने के अधिकार को सुनिश्चित करना है।

उन्होंने और दिया कि अनुसूचित जाति जनजाति मामलों की विवेचना और न्यायालयीन कार्यवाही में तेजी लाई जाए। इससे पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सकेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में राहत रोकी नहीं जानी चाहिए। कलेक्टर ने लोक अभियोजन प्रभारी को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में निगरानी के साथ में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगातार में कार्रवाई कर रहे सभी अधिकारियों को प्रभावित प्रकरणों में तेजी लाने का आदेश दिया। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को राहत राशि के लिए समय पर बजट की मांग भेजने और उसकी आवंटन में सक्रियता बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को किसी भी प्रकार की सहायता या न्याय दिलाने में किसी भी स्तर पर देरी नहीं होनी चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सूयवंशी ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

जिले में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (टीबी) के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला कलेक्टर श्री बालागुरु के. द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार खरे‌निया के मार्गदर्शन में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. जेडी. कोरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में टीबी कार्यक्रम से जुड़े समस्त जिला स्तरीय स्टाफ की उपस्थिति रही, जहां उनके द्वारा दिए गए कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

समीक्षा के दौरान फ्रन्ट के अग्रणी प्रमुख इंडिकेटर्स जैसे टीबी नोटिफिकेशन, एक्स-रे एच.आई.वी टेस्टिंग, उपचार प्रारंभ, पॉलीफार्मा एवं निक्षय मित्र अभियान के तहत पूरा बास्केट वितरण की गहन समीक्षा की गई। डॉ. कोरी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम के सभी सूचकांकों में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करते हुए प्रगति में तेजी लाई जाए। साथ ही ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों को निक्षय मित्र के रूप में जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जनजागरण एवं प्रेरणा गतिविधियां संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी विभागीय अमले को समन्वय के साथ कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा, ताकि टीबी मुक्त जिला बनाने के लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ा जा सके।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-02,2082 | विदिशा, दिन ,शनिवार ,दिनांक 22 नंबवर 2025

न्यूज गैलरी

स्टेशन पर ट्रॉली पलटी 2 महिलाएं गंभीर घायल

विदिशा। कटनी के पास डंगवाड़ा से लौट रहे मजदूर से भरी ट्रॉली अनियंत्रित रेलवे स्टेशन के सामने पलट गई। हादसे में दो महिलाएं धनबाई और लक्ष्मीबाई गंभीर रूप से घायल हुई, जबकि कुछ मजदूरों को मामूली चोटें आईं। रेल कांस्टेबल सूर्य प्रकाश ने बताया कि ट्रॉली का चालक ड्राइवर साइडर पर पर उछले से दुर्घटना दुर्घटना हुई। घायलों को गाड़ी कर भिज है।

33 साल के युवक ने घर में फंदा लगाकर की आत्महत्या,

विदिशा। मोहनगिरी इलाके में एक 33 वर्षीय संदीप अहिरवार ने शुक्रवार शाम को घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदीप मजदूरी का काम करता था। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे हैं। वह अपने चार भाइयों में से एक था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और हर पहलू की पड़ताल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संदीप का शव उसके घर

एक प्रकरण में नकद इनाम की घोषणा

विदिशा। एसपी सोहित खरवानी ने अज्ञात कातर आरोपी के प्रकरण में सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए की नकद राशि देने की घोषणा की है। सूचनाकर्ता बाड़े तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। आदेश में उल्लेख है कि सिविल लाइन थाना विदिशा में दर्ज अपराध के अज्ञात कातर आरोपी की सूचना देने वाले को दस हजार की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

मनसापूर्ण हनुमान मंदिर में भंडारा 29 को होगा

विदिशा। पुराना कोर्ट परिसर स्थित मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर में पिछले 30 वर्षों से चल रहे सुंदरकांड पाठ के समापन एवं 11वें वर्ष में के उपलक्ष्य में 29 नवंबर को भंडारे का में शहर की उपाग मानस मंडलियों सहित साधु-संतों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में प्रमुख रूप से घंटेश गुरुवानी के महामंत्रेश्वर श्रीश्री रामदास महाराज, रमई धाम के महंत श्री विश्वनाथदास रामवाणी महाराज, कमालवर मंदिर के महंत भूतपूर्व के महंत सहित खामखा मंदिर के महंत शामिल होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण पंजीरिया ने बताया कि यह आयोजन 29 नवंबर को सुबह 11:30 बजे प्रारंभ होगा।

सुपर लीग मुकाबले में बादशाह 11 की जीत

विदिशा। सुपर लीग के रोमांचक मुकाबले में बादशाह ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। बंदर 11 पहले बल्लेबाजी करते हुए बादशाह 11 के खातक नेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सके और सिर्फ 7 ओवर में 49 रन पर आलआउट हो गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बादशाह 11 ने तेज शुरुआत की, हालांकि बीच-बीच में विकेट गिरते रहे लेकिन बल्ला बड़ा। इसके बावजूद टीम ने 43 ओवर में 50 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। शानदार बल्लेबाजी और सटीक नेंदबाजी के दम पर बादशाह 11 ने मुकाबले में अपना दबदबा

बसबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास के संकल्प के साथ तेजी से बढ़ रहा प्रदेश, सीएम

मुख्यमंत्री ने कागपुर को दी 39.80 करोड़ की सौगात, जिपं अध्यक्ष ने रखीं दो मांगें

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

मुख्यमंत्री की मोहन यादव शुक्रवार को कागपुर पहुंचे। उन्होंने कागपुर में 5 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से निर्मित 128 दुकानों वाले हाट बाजार का लोकार्पण किया। इस दौरान 39.80 करोड़ लागत के 137 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 तक प्रदेश की सभी पंचायतों में श्मशान घाटों तक पक्की सड़कें और आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर दी जाएंगी। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि दिसंबर 2026 तक प्रत्येक गांव में शमशान होगा। मुक्तिधाम कि तक सीसी रोड होगी। जहां जरूरत है वहां पर पुलिया भी बनाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की इस मांग को मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने गंभीरता से लेकर इस योजना को पूरे प्रदेश में लागू करने का प्रस्ताव बनाया है। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह भोपाल, श्री री मंत्री लखन पटेल, सांसद लता वानखेड़े, सूर्यकांत नीना, उमाकांत शर्मा, मुकेश टंडन, हरिसिंह राठौर, हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी आदि मौजूद रहे।

कागपुर में एमपी टूरिज्म द्वारा वाटर पार्क का निर्माण किया जाएगा

विदिशा। कार्यक्रम में दीपक प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित उपस्थितजन

विधायक ने रखीं मांगें। विधायक कृष्णमुरारी मोगा ने कागपुर तालाबाजार रोडवाड़ के लिए 66 करोड़ रुपए की मांग रखी। कैलाई से रोहिल कलौंज 45 रोडों तक कागपुर पहुंचने के लिए रेलवेक्रासिंग पहुंच लाइन की मांग रखी। इसके 7 हजार क्वेटोन सिंचाई का लक्ष्य रखेगा। इसके साथ खामखेड़ा से सोनेज, तालाबाजार नगर परिषद को 5 करोड़ रुपये, बजरामखेड़ा की 30 किलोमीटर सड़क और हाईवे से खो-कागपुर रोड सहित अन्य मांग शामिल है। विदिशा हरिकिशन मोगा ने कागपुर तालाबाजार रोडवाड़ के लिए 66 करोड़ रुपए की मांग रखी। सिंचाई से कैलाई कलौंज 45 रोडों तक कागपुर पहुंचने के लिए रेलवेक्रासिंग पहुंच लाइन की मांग रखी। इसके 7 हजार क्वेटोन सिंचाई का लक्ष्य रखेगा। इसके साथ खामखेड़ा से सोनेज, तालाबाजार नगर परिषद को 5 करोड़ रुपये, बजरामखेड़ा की 30 किलोमीटर सड़क और हाईवे से खो-कागपुर रोड सहित अन्य मांग शामिल है।

पेयजल, सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट जैसी आवश्यकताओं के लिए मिलने वाली स्टाम्प ड्यूटी की राशि शुरू करने

कागपुर में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने मुख्यमंत्री जी. मोहन यादव के समक्ष दो प्रमुख मांग रखीं। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में पेयजल, सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट जैसी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए पूर्व में मिल रही स्टाम्प ड्यूटी की राशि अपर्याप्त उपलब्ध थी। अतः जनहित व जिला पंचायतों को यह राशि पुनः शुरू की जाए, ताकि स्थानीय पंचायतों का सतत संचालन हो सके। इस दौरान कार्यक्रम में श्यामसुंदर शर्मा, लोकेश सिंह दांगी, मनोज कुशवाह, मजबी सेन, देवेश मीना, कन्हैया कोल, जय अध्यक्ष और सिंह रघुवंशी, रामकिशनदास खुशली आदि भाजपा नेताओं सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में विधानसभा के जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। अंत में कागपुर तालाबाजारवासी ने आभार व्यक्त किया।

प्रेमचंद पोते को श्रद्धांजलि देने पहुंचे, बोले

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह भोपाल ने नगर में संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक प्रेमशंकर शर्मा की श्रद्धांजलि और सांत्वनापूर्ण शब्दों के बीच लेने का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं की जीवित करते हुए कहा कि ऐसे नेताओं की चिंता करना चाहिए। इनकी अनोखी की भाजपा अपने विचार को बनाने वाली पार्टी है। वरिष्ठ मोहन यादव ने पूर्व विधायक शर्मा का नाम पर दाह संस्कार से अभिनंदन किया।

अरॅडियो हुआ वायरल: थाने पहुंचे नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति

विदिशा। वीडियो वायरल होने के बाद थाने पहुंचे नगरपालिका प्रतिनिधि व उपाध्यक्ष।

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

नगरपालिका के कार्यकारी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा के साथ कोतवाली थाना पहुंचे। जहां उन्होंने दो अलग-अलग मामलों में शिकायतें दर्ज कर बड़ी कार्रवाई की मांग की।

दिवाकीर्ति ने आरोप लगाया कि एक अज्ञात गाला व्यापारी ने उन्हें फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानजनक शब्द कहे। इस बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। दूसरी शिकायत में दिवाकीर्ति ने एक यूट्यूबर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार यूट्यूबर द्वारा उनसे अवैधानी कर पैसों की मांग की गई तथा संबंधित वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया।

कोतवाली टीआई आनंद राज ने दोनों प्रकरणों में प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। अधिकारी ने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर उचित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विदिशा में सुबह 8.30 बजे से लगेंगे सभी स्कूल, सुबह ठंड तेज पड़ने से बच्चे हो रहे थे

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

विदिशा जिले में लगातार गिरते तापमान और शीतलहर के कारण स्कूलों का समय बदल दिया गया है। अब जिले के सभी स्कूल सुबह 8.30 बजे से संचालित होंगे। यह आदेश शनिवार से प्रभावी हो गया है। जिले में लगातार गिरते तापमान और शीतलहर के चलते स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही थी।

सुबह की आत्यधिक ठंड के कारण बच्चों के बीमार होने की शिकायतें भी सामने आई थीं। इसे देखते हुए अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूलों के समय में बदलाव की मांग की थी।

इन शिकायतों और अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर स्कूलों के समय में परिवर्तन किया है। अब जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और अन्य बोर्ड से संबद्ध स्कूल सुबह 8.30 बजे से संचालित किए जाएंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि तापमान में लगातार गिरावट और शीतलहर की स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है। नए आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। विशेष रूप से, प्रथम पाली में संचालित प्री-नर्सरी से हाई तक की कक्षाएं सुबह 8.30 बजे से पढ़ाने शुरू नहीं होंगी।

हालांकि, परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही रहेगा। यह आदेश अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

जैव विविधता विषय प्रतियोगिता 25 को

विदिशा। सीएफटीआई देहरादून के निर्देशन में जिलास्तरीय जैव विविधता ऑनलाइन विषय प्रतियोगिता 25 नवंबर को सुबह 10 से पार्वती स्कूल में होगी। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न तहसीलों से चयनित 100 टीमों के विद्यार्थी भाग लेंगे। पंजीयन अंतिम तिथि 24 नवंबर शाम 5 बजे तक है। चयनित टीमें राज्य स्तरीय ऑनलाइन क्विज में 12 दिसंबर को भाग लेंगी। जिला एवं राज्य स्तर पर नगद पुरस्कार और ट्रॉफियां प्रदान

विदिशा में ट्रॉली पलटी, दो महिलाएं गंभीर घायल, रेलवे स्टेशन के बाहर हादसा

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

विदिशा रेलवे स्टेशन के बाहर मजदूरों से भरी एक ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो आदिवासी महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि कुछ अन्य मजदूरों को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, कटनी जिले के मजदूर धान कटाई के लिए डंगवाड़ा से मजदूरी कर ट्रॉली में सवार होकर विदिशा रेलवे स्टेशन की

ओर आ रहे थे। तेज रफ्तार ट्रॉली का पहिया सड़क के डिवाइडर पर चढ़ने से वह असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में धनबाई और लक्ष्मीबाई आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि इनमें से एक महिला की हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों और यात्रियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। सूचना मिलते ही जीआरपी (गवर्नमेंट रेलवे पुलिस) मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

बेतवा में विसर्जन को रोकेगा जानकी कुंड, 10 पेड़ कटे, 4 गुना पौधे लगाने का वादा

रामलीला मैदान में जानकी कुंड निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए रामलीला मेला समिति ने परिसर में लगे 10 पेड़ काट दिए हैं। अब उन पेड़ों की जगह सिर्फ ठूंठ बचे हैं। पेड़ काटे जाने को लेकर शहर में विरोध शुरू हो गया है। कई लोगों ने नाराजगी जताई है। जानकारों का मानना है कि शहर में पिछले सालों में 26 प्रतिशत हरियाली कम हुई है। समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हरे-भरे पेड़ काटना गलत है। नए पेड़ लगाना आसान नहीं होता। वहीं, रामलीला मेला समिति के सचिव डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि पेड़ अव्यवस्थित थे। ये बबूल और कंटी से पेड़ थे। नगर पालिका से अनुमति लेकर ही इन्हें काटा गया है। काटे गए पेड़ों की जगह चार गुना ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे।

निगम नदी में बीच प्रतिमाओं को विसर्जन प्रतिबंधित एनजीटी के निर्देशों के तहत बेतवा में सीधे प्रतिमाओं का विसर्जन प्रतिबंधित है। इसी कारण विधायक मुकेश टंडन ने नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए जानकी कुंड निर्माण की पहल की थी। उसी पर अब आगे काम हो रहा है।

ज्योति नूरन की सूफी गायकी से वार्षिक महोत्सव

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

केवलपुरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में 18 नवंबर को वार्षिक महोत्सव हुआ। नगरपुर सूफी गायिका ज्योति नूरन ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। उनकी आवाज और प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कॉलेज के छात्रों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांस परफॉर्मेंस और स्वागत गीत ने मंच पर अपनी शोभा दिखाई।

संस्था ने यह आयोजन छात्रों को मंच देने और उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए किया। कार्यक्रम में आरएसएस

विमान प्रशासक सीमा, विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, आरएसएस जिला प्रचारक विशाल, एएसपी प्रज्ञा बौधे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष ग्यारसपुर रानीमी प्रवेश लोधी, राकेश कटारे, नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, गणेश कटारे और छत्रपाल शर्मा मौजूद रहे।

शिशु सुरक्षा सप्ताह के समापन पर क्विज प्रतियोगिता

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के समापन पर इंटीग्रेटेड अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रसूति वार्ड में भर्ती माताओं और परिजनों के लिए शिशु सुरक्षा विषयक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में नवजात की आवश्यक देखभाल पर जानकारी दी

गर्भ, जिसमें 25 किलो से अधिक वजन, जन्म के तुरंत

बाद रोना, गुलाबी रंग, जन्म के आधे घंटे के भीतर स्तनपान तथा छह माह तक सिर्फ मां का दूध दिए जाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल, अमी अग्रवाल डॉ. एमके जैन एवं अन्य विशेषज्ञों ने किया। सही उत्तर देने वाली माताओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए।

प्रतियोगिता प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रीति सावला ने मारी बाजी

सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पदों पर भर्ती में 31 चयनित

डीआर संवाददाता ✉ ग्वारसपुर

ग्वारसपुर में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए भर्ती का आयोजन किया गया। जिसमें 52 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 31 बेरोजगार युवाओं का चयन सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर किया गया।

भर्ती अधिकारी वरिष्ठ भर्ती अधिकारी कृष्णमोहन कर्णावत (वेस्ता) ने बताया कि ग्रामीण और शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को

रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रिस्पॉन्सिबिलिटी फिक्स कंसल्टिंग ऑफ

सहार संकुल स्तरीय संगठन

इंडेक्स द्वारा यह भर्ती आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि चयन के लिए

निर्धारित योग्यता सुरक्षा गार्ड के लिए 10वीं पास, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष, लंबाई 161.5 सेमी और शारीरिक रूप से फिट होना जरूरी है। कर्नाटका ने बताया कि चयनित युवाओं को सिविल डिफेंस प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसके उन्हें रेफरल सेक्टर्स के अवसर प्राप्त होंगे

बीएलओ ने 10 दिन में किया 100: डिजिटलाइजेशन

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के अंतर्गत मतदाताओं के गणना फॉर्मों के डिजिटलाइजेशन का कार्य जिले भर में तेजी से जारी है। इसी क्रम में, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 146, कुरवाई के मतदान केंद्र क्रमांक 140 गंभीरिया के बीएलओ धर्मेंद्र रघुवंशी ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने अपने क्षेत्र में 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य तय समय से पहले पूरा कर लिया।

कलेक्टर ने किया सम्मानित

धर्मेंद्र रघुवंशी ने अपने मतदान केंद्र के कुल 387

मतदाताओं का सर्वे कर यह कार्य मात्र 8 से 10 दिनों में संपन्न किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता ने उन्हें सम्मानित किया। बीएलओ धर्मेंद्र रघुवंशी पांगना में खजुरिया गांव में प्राथमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं और बीएलओ के दायित्वों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया, गणना फॉर्म वितरित किए और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें फॉर्म भरने में सहायता भी प्रदान की।

लोगों की समस्याओं को मौके पर सुलझाया

उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी मतदाता को कोई समस्या न हो, और मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान किया। उनकी मेहनत और कार्य के प्रति समर्पण के कारण ही मतदान केंद्र क्रमांक 140 गंभीरिया क्षेत्र में गणना फॉर्म निर्धारित किए और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सका।

शरद पूर्णिमा आज

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-02,2082 राजगढ, दिन शनिवार,दिनांक 22 नवंबर,2025

न्यूज गैलरी

उत्तर पुस्तिका अवलोकन दिवस आयोजित

फतेहगढ़। विभिन्न कार्यालय संचालक लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ में गत दिवस उत्तर पुस्तिका अवलोकन दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सभी विषय शिक्षकों द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गईं तथा उनकी त्रुटियों को समझाकर सुधार योग्य बिंदुओं की जानकारी दी गई। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कक्षा-वार परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस वर्ष विद्यालय का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम वैमस्किक परीक्षा की तुलना में लगभग दो गुना बेहतर रहा, जिसे देखकर अभिभावक उत्साहपूर्वक विद्यालय पहुंचे।

मकान से 1. 40 लाख की नकदी ले गए चोर

राजगढ। शहर के कालीबीड़ क्षेत्र पर रहने वाले दो परिवारों को चोरों ने चकमा लगा दी। सूनी मकानों को चोरों ने निशाना बनाया और गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात सिलसिलेवार चोरी की दो अलग-अलग वारदातों को अंजाम दिया। इलाके में रहने वाले शैलू पुरी और भारत पुरी के मकान की दीवार एक ही है। उनके मकान की छत भी एसक-दूसरे से सटी है। पहले भारत के घर का ताला तोड़कर मकान में प्रवेश किया। यहां से चांदी के गहने और 40 हजार रुपए चुराने के बाद चोर छत के रास्ते से शैलू पुरी के मकान में घुसे। शैलू पुरी के मकान से चोरों ने सोने-चांदी के करीब 3 लाख रुपए के गहने और 1 लाख नकदी चुराई और नौ दो ग्यारह हो गए।

अंजनीलाल धाम मंदिर पर कल लगेगा दिव्य दरबार

राजगढ। शहर के बाईपास रोड स्थित भव्य अंजनी लाल धाम मंदिर की स्थापना विवस अवसर पर 23 नवंबर रविवार को विरेंद्रिया धाम सरकार पंडित अंबुल शास्त्री का दिव्य दरबार लगाया जाएगा। मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि दिव्य दरबार की शुरुआत रविवार शाम 7.00 बजे से होगी जो 10.00 बजे तक चलेगा। समिति सदस्यों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं के दिव्य दरबार में शामिल होने की अपील की है।

सामान लेने निकला युवक लापता

ब्यावरा। शहर के बिहारी जी मंदिर मोहल्ले में एक 20 वर्षीय युवक बिना बताए लापता हो गया। परिजनों द्वारा सिटी पुलिस में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। युवक के दादा खुशीलाल पुत्र देवीलाल साहू ने सिटी पुलिस को बताया कि वह किराना दुकान चलाते हैं। 18 सितंबर को उनका नाती हर्षित साहू दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा ब्यावरा शहर के सभी रिश्तेदारों में तलाश की गई, लेकिन कहीं भी पता नहीं चलने पर शुक्रवार को सिटी पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराया है। सिटी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चार दिन बाद युवक मिला

खिलचीपुर। थाने के थानखिला जोगी गांव में 17 नवंबर तड़के सोते घर पानी पीने के बाद अचानक लापता हुआ 32 साल का युवक सुल्तान सिंह पुत्र बद्रीलाल सौंधिया गुरुवार 20 नवंबर की रात मोहनपुरा गांव के रास्ते पर आग तापता हुआ मिला। लापता होने के बाद से ही परिजन उसे लगातार खोज रहे थे।

लापरवाही में गई जान | **नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी दोनों ही विभाग जिम्मेदारियों से झाड़ रहे पल्ला**

पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाई जर्जर इमारतें अब कचराघर बने रिक्त पड़े भूखंड

खाली पड़े प्लॉटों पर पार्किंग, शौचालय सहित हो सकते हैं अन्य विकास कार्य

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

नगर में आज दर्जन से अधिक निवासतकालीन भवनों के जर्जर होने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा उन्हें तुड़वाने की कार्यवाही की गई थी। लेकिन, इन शासकीय भवनों, इमारतों को तुड़वाने के उपरान्त पीडब्ल्यूडी ने उन्हें भगवान भरोसे ही छोड़ दिया है। ऐसे में रिक्त पड़े इन सरकारी भूखंडों का उपयोग आसपास के रहवासियों द्वारा कचराघरों को रूप दिया जा रहा है।

जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी से बात की जाती है तो वे कहते हैं कि ये हमारे स्वामित्व के नहीं हैं और न ही हमारे पास हैंडओवर करने की पावर है। उधर, नगर के जिम्मेदार इन्हें पीडब्ल्यूडी की संपत्ति बता रहे हैं। मसला जो भी लेकिन इन रिक्त भूखंडों के आसपास के

रहवासी कचरा, मकानों का अनुपयोगी मटेरियल सहित ऐसी ही दूसरे अन्य सामानों को फेंक रहे हैं। इन रिक्त भूखंडों पर कार्यवाही ही करवा दी जाए या अन्य कोई विकास कराया जाए, ऐसी.

कोई प्लानिंग फिलहाल तय नहीं हो पाई है।

अन्य स्थानों के खाली प्लॉटों के भी यही हाल

पुरा क्षेत्र में मेमोरियल गेट के पास भी शासकीय इमारत को भी कुछ अर्से पहले पीडब्ल्यूडी ने तुड़वाया था।

यह भूखंड भी वर्तमान में खाली ही पड़ा हुआ है। इसी तरह गेन मार्केट में सिंधी की छतरी के पास के भी शासकीय भवनों को भी पीडब्ल्यूडी ने करीब ढाई साल पहले तुड़वाया था, यहां भी विकास कार्य करवाए जा सकते हैं।

इमाकलाई . .

अगर कार्य जर्जर भवनों को तुड़वाना था तो कोई कारण न हो। ये नगर पीडब्ल्यूडी के संपत्ति के नहीं है। हमने सिर्फ एनओसी निकाल करके इन्हें डिमोलिशन करवाया है।

दीपक कुमार, कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी

गलबा भी नहीं हटाया, अब प्लॉटों पर टीले जैसा स्वरूप

नगर के मेन मार्केट में घंटाघर चौक के ठीक सामने पुरानी तहसील के जर्जर भवन को कई वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग ने तुड़वाया था। भवन तुड़वाने के बाद काफी मलबा, मटेरियल वहां निकला था। वह मलबा करीब दो साल बीत जाने के बाद भी वहीं पर पड़ा हुआ है। अब इस रिक्त भूखंड को आसपास के दुकानदार कचरादान की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। यहां कचरा फेंका रहता है वहीं बाद कचरा बनता है जैसा गया कचरा, मलबा भी बहुत ज्यादा इकट्ठा होकर वहां बड़े टीले जैसा रूप ले लिया है।

इमाकलाई . .

रिक्त शासकीय भूखंडों को लोक निर्माण विभाग ने हमें हैंडओवर नहीं किया है। हैंडओवर होने पर ही हम इन खाली प्लॉटों पर पार्किंग, शुलभ शौचालय या अन्य कोई निर्माण करवा सकेंगे।

पवन अग्रवाल सीएमओ, नगर पालिका, राजगढ़

जय स्तंभ चौक के समीप भी यही स्थिति

इसी तरह करीब छह माह पहले लोक निर्माण ने स्थानीय जय स्तंभ के ठीक सामने स्थित शासकीय इमारत को तुड़वाया था। पीडब्ल्यूडी ने जिस भी एजेंसी को भवन तोड़ने की जिम्मेदारी दी थी, उसके द्वारा अभी तक इमारत के मलबे तक को वहां से नहीं हटवाया गया है। इसी तरह बैंक ऑफ इंडिया के पास खाली पड़े रिक्त भूखंड का भी यही स्थिति है।

---

4 घंटे चले आंदोलन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने लिया एक्शन

छात्र को परीक्षा से वंचित रखने पर सांदीपनि प्राचार्य को हटाया

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

शासकीय सांदीपनि विद्यालय ब्यावरा में कक्षा 11 वीं के छात्र रवि नागर को परीक्षा से वंचित रखा गया। जिसके बाद जब अभाविप कार्यकर्ता प्राचार्य से मिलने पहुंचे तो कार्यकर्ताओं से प्राचार्य ने अभद्रता की। जिसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 10 नवंबर को ज्ञापन दिया गया था जिसमें मांग की गई थी 3 दिवस में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य पर शिकंजा की कार्यवाही की जाए किंतु 10 दिन होने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही न होने के बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने लगातार 2 घंटे तक आंदोलन किया और नारेबाजी की लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी बात करने नहीं पहुंचे। जिसके बाद अभाविप

कार्यकर्ताओं ने आंदोलन को जारी रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को बुलाने की बात कही। 4 घंटे आंदोलन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी आंदोलन स्थल पहुंचे जिसके बाद सीएम राहत डिस्पिल राजकुमारसिंह यादव को विभागीय जांच रिपोर्ट आने तक प्राचार्य पद से हटाकर वीईओ

कार्यालय अटैच किया तथा विद्यालय में वरिष्ठ व्याख्याता कुमार अग्रवाल को आगामी आदेश तक प्राचार्य का प्रभार दिया।

अभाविप कार्यकर्ताओं ने वीईओ से बड़ा जांच रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाही की जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

सहकारी सप्ताह का समापन, किसानों के हितों पर मंथन

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा आयोजित 72वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन शुक्रवार को बैंक की राजगढ़ शाखा में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपमुख्य सहकारिता पंजीयक, बारोटिया, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैजेंद्र पंवार, शाखा प्रबंधक अमर सिंह यादव, शाखा पर्यवेक्षक

मोहन शर्मा एवं सुरेश वर्मा सहित कृषक समाज, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने सहकारिता की बढ़ती भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों को आर्थिक संबल देने में सहकारी संस्थाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में सहकारी संगठनों की भूमिका को निर्णायक बताया और सहकारिता की अवधारणा को गांवों, किसानों और आम लोगों तक अधिक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया। समापन में उपस्थित अतिथियों एवं विभागियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

अभियान के तहत पुलिस टीम , विद्यालय पहुंची

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

दुर्घटना मामलों को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अजित बोरासी के निर्देशन में जिले में शुक्रवार से "हेलमेट नहीं तो स्कूल नहीं" जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया

है। अभियान की शुरुआत राजगढ़ उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या शाला ब्यावरा, थाना सिटी ब्यावरा तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हेलमेट वितरण से की गई। वितरण के दौरान भारी संख्या में लगभग 150 कर्मचारी हेलमेट पहनकर कार्यालय पहुंचे। अभियान लगातार जारी रहेगा। शुक्रवार को राजगढ़ और ब्यावरा के 10 कार्यालयों को वितरण के लिए चिन्हित किया गया है, जहां प्वॉइंट बनाकर कर्मचारी वाहनों की जांच की जाएगी।

अमानक सामग्री की आशंका में थोक व्यापारी के गोदाम पर संयुक्त दल का छापा

डीआर संवाददाता ✍ सुसनेर

शुक्रवार को मिली शिकायत के बाद, जिला प्रशासन हरकत में आया और कलेक्टर प्रीति यादव ने तुरंत एक संयुक्त जांच दल गठित कर दिया। शिकायत में थोक विक्रेता व्यापारी तिरुपति ट्रेडर्स के गोदाम पर अमानक खाद्य सामग्री बेचने, अवैध भंडारण और श्रम कानूनों के उल्लंघन का आरोप था।

गुरुवार को जिला खाद्य

अधिकारी संदीप भारतीय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा, लेबर और नगरपालिका विभाग की टीम ने व्यापारी के गोदाम पर अचानक छापा मारा। टीम ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, रिकॉर्ड चेक किए और निर्माण के संभावित उल्लंघन के लिए एक संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा भी जब्त किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बीएस जामरे के अनुसार, नमूने प्रयोगशाला भेजे जाएंगे और रिपोर्ट के आधार पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिशु मंदिर में दिशाबोध शिविर का आयोजन

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

जिला कलेक्टर सम्य भारत द्वारा की योजना अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर सारंगपुर में कक्षा 9 एवं 10 के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए 3 दिवसीय दिशाबोध शिविर का आयोजन दिनांक 19 से 21 नवंबर तक किया गया।

इस शिविर में प्रथम दिवस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिन्दू परम्परा पार्षिद के अध्यक्ष डॉक्टर प्रभु मल्ला द्वारा छात्र छात्राओं

को पुण्य भूमि भारत विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। डॉ मल्ला ने कहा कि भारत यह पुण्य भूमि है जहां देवताओं ने अवतार लिए। यह देश धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के कारण पुण्य भूमि कहलाता है। यह पवित्र नदियों, तीर्थस्थलों और ऐतिहासिक स्थानों से भरा हुआ है जो इसे आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण बनाते हैं।

इस शिविर के दौरान सभी छात्र छात्राओं ने वाटर बॉक्स का भ्रमण किया तथा वहां पर लगभग शहर में जल प्रदाय की व्यवस्था

शैक्षणिक भ्रमण | **संस्कार एकेडमी द्वारा राजस्थान का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न**

विद्यार्थियों ने देखा इतिहास, संस्कृति विरासत व विज्ञान का अनूठा संगम

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

पचोर नगर के प्रतिष्ठित अग्रसीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित राजस्थान का बहुदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस भ्रमण में कक्षा 7 से 12 तक के 52 विद्यार्थियों एवं टीचिंग स्टाफ सहित 68 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण दल के साथ विद्यालय के प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, मनिल गोयल, अनुभवी शिक्षक अनिल द्विवेदी, नानगी सिंह, गौरव निगम एवं रामेश्वरम नागर साथ रहे। भ्रमण का

प्रथम पड़ाव रहा राजस्थान की राजधानी जयपुर, जिसे गुलाबी नगर के नाम से जाना जाता है। जहां विद्यार्थियों ने अमेर किला में राजपूताना स्थापत्य कला, सिटी

पैलेस में शाही संस्कृति का स्नोहारी उपलब्धि किया। जयपुर की स्थानीय बाजारों में विद्यार्थियों ने कलाकृतियां और पारम्परिक वस्त्रों का भी अवलोकन किया। भ्रमण का सबसे रोमांचक चरण रहा सर्वश्रेष्ठ नगरी जैसलमेर। यहां पेराग्लाइडिंग तथा डेजर्ट कैम्प में आयोजित राजस्थानी सांस्कृतिक नाइट ने बच्चों को लोकनृत्य, कालबेलिया, घूमर, और पारम्परिक व्यंजन कला से अवगत कराया। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए अत्यंत यादगार रहा। साथ ही विद्यार्थियों ने श्रद्धा और संस्कृति का पावन स्पर्श करते हुए जैसलमेर से लौटते समय रामदेवरा में बाबा रामदेव के पावन मंदिर में दर्शन किए, वहीं जोधपुर पहुंचकर मंडोर गार्डन में जोधपुर के इतिहास को जाना। विद्यार्थियों ने यहां की ऐतिहासिक मान्यताओं, सामाजिक सद्भाव और लोक आस्था की परंपरा के बारे में विस्तार से जाना। यह स्थल भक्ति का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध करने वाला बनता रहा।

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य नगर में तेजी से चल रहा

डीआर संवाददाता ✍ छापीहेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम किया जा रहा है। जिसमें बटवारी नगर परिषद कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मतदाताओं के घर घर जाकर मतदाताओं के फॉर्म भर रहे हैं। ऐसे मतदाता जो 2003 एवं 2025 में नगर छापीहेड़ा में थे उनके फार्म भरे जा रहे हैं एवं जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं था उनके साथ में उनके पिता माता दादा या दादी के संबंध जोड़कर फॉर्म भरे जा रहे हैं तथा बाहर से आने वाली बहू को उनके 2003 में निवास स्थान माता पिता दादा दादी की जानकारी मंगवा कर उनके भी फॉर्म भरे जा रहे हैं। इस कार्य हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा पटवारी कन्हैया गौड़ नगर परिषद कर्मचारी श्रीराम नागर जगदीश खा एवं नगर के बीएलओ दिनेश मालवीय द्वारा कार्य किया जा रहा है।